निबंधित / स्पीड पोस्ट

पत्र संख्या-रा०प०–03 / 2016 .... **/ रा०**

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग

प्रेषक,

डॉ० महेन्द्र पाल,
निदेशक।

सेवा में,

सभी विभाग / विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,
वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना,
सभी पुलिस अधीक्षक,
सभी पुलिस अधीक्षक, रेल।

पटना, दिनांक-.................................

विषय:- **हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने-पढ़ने की योग्यता परीक्षा के परीक्षाफल के सत्यापन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा हिन्दी लिखने–पढ़ने की योगयता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का परीक्षाफल विभाग में सत्यापन के लिए भेजा जाता है, जिससे समय एवं श्रम का अपव्यय होता है तथा सम्बद्ध कर्मी की सेवापुस्त में प्रविष्टि में विलम्ब होता है जबकि परीक्षाफल विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है।

अतः अनुरोध है कि परीक्षाफल का सत्यापन विभागीय वेबसाईट rajbhasha.bihar.gov.in से कर लिया जाय ताकि अतिरिक्त कार्य बोझ एवं विलम्ब से बचा जा सके।

इससे संबंधित पूर्व निर्गत विभागीय पत्र सं०–206 / रा०, दिनांक–26.03.2014 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

विश्वासभाजन

ह०/-
(डॉ० महेन्द्र पाल)
निदेशक

ज्ञाप संख्या-.........164.........**/रा०, पटना, दिनांक-**01-4-22.........

प्रतिलिपि:-प्रोग्रामर, मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग, बिहार, पटना को वेबसाईट पर अपलोड हेतु प्रेषित।

[signature] 1/4/22

(डॉ० महेन्द्र पाल)
निदेशक

\\Nilesh\e\निलेश (2022)\अखिलेश जी\RaPa-03-2016 (30-03-2022).doc